**Regarding need to develop the Highways in Sikkim a National Highways for better connectivity**

**डॉ. इन्द्रा हांग सुब्बा (सिक्किम) :** धन्यवाद सभापति महोदया । मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान सिक्किम के दो डिस्ट्रिक्ट्स सोरेंग और गेजिंग की ओर आकर्षित करना चाहूंगा, जिनके वेस्टर्न साइड में इंडो-नेपाल बॉर्डर और कंचनजंघा नेशनल पार्क है, जो एक यूएन हेरिटेज साइट है, उसका एंट्री प्वाइंट भी गेजिंग डिस्ट्रिक्ट में है । इन दो डिस्ट्रिक्ट्स में सिक्किम के 25 प्रतिशत से ज्यादा पॉपुलेशन रहते हैं, लेकिन अगर आप हाइवे का लेंथ देखेंगे तो वह केवल 32 किलोमीटर का है ।

मैं सरकार से निवेदन करना चाहूंगा कि मानपुर-जोरथांग-लेगशिप, जोरथांग-दारमदिन-सोमबारिया-सोरेंग-कलुक और डेंटम, डेंटम से लेकर चिवाभंजंग तक तथा गेजिंग-पेलिंग-युक्सोम-ताशीदिंग से लेकर लेगशिप तक जो स्टेट हाइवेज हैं, उन हाइवेज को नेशनल हाइवे घोषित किया जाए और उनको डेवलप करके स्ट्रैंग्थेन किया जाए । धन्यवाद ।